**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक : 09.02.2026 समय : 07.10PM

**मुख्य समाचार**

- बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी सांसदों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित।
- **प्रधानमंत्री** ने 'परीक्षा पे चर्चा' में छात्रों को किया संबोधित; कहा—तनाव छोड़ें और अनुशासन के साथ आत्मविश्वास बढ़ाएं।
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव** ने आज बालाघाट में 'अमर जवान ज्योति' का किया लोकार्पण।
- प्रदेश में कल से शुरू होंगी बोर्ड परीक्षाएं; 16 लाख विद्यार्थी होंगे शामिल।

लोकसभा

लोकसभा की कार्यवाही विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बाद कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। दोपहर 12 बजे पहले स्थगन के बाद जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो संबंधित मंत्रियों ने अपने-अपने मंत्रालयों के दस्तावेज पेश किए। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर आम चर्चा शुरू की, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने अपना विरोध जारी रखा और सदन की कार्यवाही में बाधा डाली। अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें केंद्रीय बजट पर बोलने के लिए कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम मिला है, लेकिन कांग्रेस सदस्यों ने कहा कि विपक्ष के नेता कुछ बोलना चाहते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि अगर राहुल गांधी केंद्रीय बजट पर बोलेंगे तो उन्हें बोलने की अनुमति दी जाएगी। हंगामा जारी रहने पर अध्यक्ष ने कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दो बजे कार्यवाही शुरू होने पर हंगामा जारी रहा इसके बाद अध्यक्ष ने कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। श्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं से परे देखने और जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता तथा आत्म-विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने 'वेड इन इंडिया' अभियान का भी जिक्र

किया, जो विदेश के बजाय देश में ही शादी समारोह आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन की आवश्कता पर बल दिया।

## आर्थिक पैकेज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेशेल्स के लिए 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। नई दिल्ली में सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक एरमीनी से मुलाकात के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स ने स्वास्थ्य, मौसम विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी तथा सुशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 7 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स न केवल भूगोल से बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए साझा दृष्टिकोण से भी जुड़े हुए हैं।

## शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री **शिवराज सिंह चौहान** ने आज मीडिया से बात चीत के दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते (#IndiaUSTradeDeal) को लेकर प्रधानमंत्री **नरेन्द्र मोदी** के नेतृत्व की सराहना की है। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए एक ऐसा ऐतिहासिक समझौता किया है, जिससे भारतीय किसानों के हितों पर कोई आंच नहीं आएगी।

## मुख्यमंत्री- बालाघाट

मुख्यमंत्री **डॉ. मोहन यादव** ने आज बालाघाट में वीरता के एक नए अध्याय की शुरुआत की है। उन्होंने दिल्ली की तर्ज पर बालाघाट में नवनिर्मित **'अमर जवान ज्योति'** का लोकार्पण कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब वीरता के प्रतीक केवल दिल्ली तक सीमित नहीं रहेंगे।इस अवसर पर आयोजित **'क्रम-से-पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह'** में नक्सल विरोधी अभियानों में साहस दिखाने वाले **60 जांबाज जवानों** को सम्मानित कर उन्हें पदोन्नति प्रदान की गई। डॉ. यादव ने बालाघाट में **'कृषि कैबिनेट'** आयोजित करने की घोषणा भी की ..

<u>परीक्षा</u>

प्रदेश में कल यानी **10 फरवरी** से बोर्ड परीक्षाओं का शंखनाद होने जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित इस परीक्षा में प्रदेश भर के **16 लाख से अधिक** विद्यार्थी शामिल होंगे। कक्षा 12वीं की परीक्षा कल **अंग्रेजी** के पेपर के साथ शुरू होगी, जबकि कक्षा 10वीं की परीक्षा 13 फरवरी से प्रारंभ होगी। नकल रोकने के लिए प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। परीक्षा **केंद्रों** पर सीसीटीवी कैमरों और फ्लाइंग स्क्वॉड की पैनी नजर रहेगी। परीक्षार्थियों को सुबह **8:30 बजे** तक हर हाल में केंद्र पर पहुँचना होगा, इसके बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

<u>बजट सत्र -मीटिंग</u>

मुख्य सचिव **अनुराग जैन** ने आज मंत्रालय में विभागों के प्रमुखों के साथ विधानसभा के आगामी **बजट सत्र** और सुशासन के एजेंडे पर हाई-लेवल मीटिंग की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हाल ही में पेश हुए **केंद्रीय बजट** के प्रावधानों का लाभ उठाने के लिए मेगा टेक्सटाइल पार्क, मेडिकल हब और नॉलेज सिटी जैसी परियोजनाओं के प्रस्ताव तुरंत भारत सरकार को भेजें।सुशासन पर जोर देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि अविवादित नामांतरण और रजिस्ट्री जैसी सेवाएं समय-सीमा में होनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने सरकारी कामकाज में **'ई-ऑफिस'** प्रणाली को अनिवार्य करते हुए भौतिक फाइलों के संचालन को पूरी तरह बंद करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुलझाने के निर्देश दिए हैं।

<u>मां नर्मदा</u>

नर्मदा की उद्गम स्थली **अमरकंटक** में आगामी **बुधवार** को एक भव्य धार्मिक उत्सव आयोजित होने जा रहा है। श्री नर्मदा मंदिर के मुख्य कुंड में मां नर्मदा की पुरानी प्रतिमा के स्थान पर **ग्रेनाइट पत्थर** से निर्मित नई प्रतिमा स्थापित की जाएगी। विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और शास्त्रोक्त विधि-विधान से प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी।

<u>बाल श्रम</u>

श्रम मंत्री **प्रहलाद सिंह पटेल** ने आज भोपाल में एक बड़ा संकल्प दोहराते हुए कहा कि प्रदेश को **बंधुआ और बाल श्रम मुक्त** बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यशाला में उन्होंने एक ठोस 'रोडमैप' पेश किया, जिसके पाँच मुख्य स्तंभ—कानूनी सहायता, पुनर्वास, कौशल विकास, जागरूकता और प्रशासनिक संवेदनशीलता होंगे।मंत्री श्री पटेल ने स्पष्ट किया कि प्रवासी मजदूर होना या अशिक्षा जैसे

कारणों से कोई व्यक्ति बंधुआ न बने, इसके लिए विभाग अब **'वेदा पहल'** और नवीन श्रम संहिताओं के जरिए सुरक्षा कवच प्रदान करेगा। इस अवसर पर उन्होंने 'स्टेट एक्शन प्लान' का विमोचन किया और श्रम कानूनों के पालन में अव्वल रहे संस्थानों को **'श्रम स्टार रेटिंग'** से सम्मानित भी किया।

**अब कुछ समाचार संक्षिप्त में**

- जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी, जबलपुर में आयोजित किए जा रहे जैविक हाट को लगातार लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। आज भी जैविक हाट में भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचे और अपनी पसंद के जैविक उत्पादों की खरीदारी की।
- नर्मदापुरम जिले में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में एमएसएमई ऋण आउटरीच शिविर का आयोजन किया गया।
- आज सीहोर में कलेक्टर. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए।
- आपात स्थिति में एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं अन्य आपातकालीन वाहनों के निर्बाध आवागमन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आज बैतूल जिले के तिलक, आजाद तथा आर्यपुरा वार्ड का संयुक्त निरीक्षण किया।